CRIME BS इंडिया आपतक आपकी आवाज़ NEWS

साप्ताहिक
# आवाज भंडारा

मुख्य संपादक : नौशिया खान
कार्यकारी संपादक : शुभम देशमुख

● वर्ष -३ ●अंक - ५० ●बुधवार दि.०२ अक्टूबर २०२४ ● RNI No.-MAHBIL/2021/80357 ● पृष्ठ -४ मुल्य -२ रू. ● Gmail-awazbhandara@gmail.com

# भंडारा-गोंदिया विधानसभा क्षेत्र में सभी पार्टियां कर रही अपनी अपनी सीट का दावा?

### क्या भाजपा के लिए बढेगी मुसीबतें? : लोकसभा जीतकर कांग्रेस विधानसभा भी क्या अपने नाम दर्ज कर पाएगी?

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** भंडारा-गोंदिया लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र महाराष्ट्र के 48 संसदीय क्षेत्रों में से एक है। जहां हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपना खाता खोलते हुए जीत दर्ज की थी। पार्टी के नेता प्रशांत यादवराव पाडोले इस निर्वाचन क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। 2002 में गठित परिसीमन आयोग की सिफारिशों के बाद यह निर्वाचन क्षेत्र 2008 में अस्तित्व में आया। 1952 में इस लोकसभा क्षेत्र अस्तित्व में नहीं था। 2008 में इस लोकसभा क्षेत्र को बनाने के लिए दो जिलों के हिस्सों को शामिल किया गया। इसके तहत तीन विधानसभा क्षेत्र भंडारा




जिले के शामिल किए गए हैं, जबकि तीन विधानसभा क्षेत्र गोंदिया जिले के हैं।

इस लोकसभा क्षेत्र भंडारा और गोंदिया जिले के अंतर्गत ही आता है। यह लोकसभा क्षेत्र तुमसर, भंडारा, साकोली, अर्जुनी-मोरगांव, तिरोडा और गोंदिया विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर बनाया गया है। जिसमें से 2019 के चुनाव में दो सीट पर एनसीपी जीतने में सफल रही थी। इसके अलावा, दो सीट निर्दलीय उम्मीदवारों के खाते में भी गई थीं। एक-एक सीट पर कांग्रेस और भाजपा विजयी रही थी। भंडारा-गोंदिया लोक सभा क्षेत्र की तुमसर विधानसभा सीट पर 2019 के चुनाव में अजित पवार के गुट वाली एनसीपी ने अपना खाता खोलने में सफलता हासिल की थी। जहां से फिलहाल राजु कारेमोरे विधायक हैं। उन्होंने यह सीट भारतीय जनता पार्टी के चरण वाघमारे को हराकर जीती थी। भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र की भंडारा विधानसभा सीट अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। इस क्षेत्र के मतदाताओं ने राज्य की सभी बड़ी पार्टियों को क्षेत्र की सेवा करने का मौका प्रदान किया है। इस विधानसभा क्षेत्र में बीजेपी के अलावा कोई भी पार्टी लंबे समय तक नहीं टिक सकी है। वर्तमान में निर्दलीय उम्मीदवार नरेंद्र भोंडेकर इस क्षेत्र का राज्य की विधानसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस लोकसभा क्षेत्र का साकोली विधानसभा क्षेत्र पूरे महाराष्ट्र में अपने स्थापित नेता नाना पटोले के कारण भी जाना जाता है। नाना पटोले 2019 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर जीत कर विधानसभा पहुंचे थे। विधायक पटोले 2009 में भी बीजेपी के टिकट पर जीत दर्ज कर चुके हैं, लेकिन उन्हें 2014 में बीजेपी के ही राजेश लहानू काशीवार के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

राज्य के भंडारा-गोंदिया लोकसभा क्षेत्र की अर्जुनी-मोरगांव विधानसभा सीट भी अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित है। 2009 से अस्तित्व में आए इस विधानसभा क्षेत्र पर बीजेपी के राजकुमार बडोले 2009 से लेकर 2019 तक लगातार विधायक रहे हैं। लेकिन वर्तमान में यह सीट एनसीपी के मनोहर चंद्रिकापुरे के पास है। महाराष्ट्र विधानसभा में 64 नंबर से जाना जानेवाला तिरोडा विधानसभा क्षेत्र अस्तित्व में आने के बाद से ही बीजेपी का एक मजबूत गढ़ रहा है। जहां पार्टी पिछले 15 साल से चुनाव नहीं हारी है। जिसके नेता विजय भरतलाल राहंगडाले लगातार दो बार चुनाव जीत चुके हैं। देश में हुए पहले आम चुनाव के बाद से ही इस लोकसभा क्षेत्र की गोंदिया विधानसभा सीट पर भी चुनाव हुए थे। जिसके बाद कांग्रेस ने यहाँ 1995 तक अपराजित रहकर एक छत्रराज किया है। हालांकि, 1995 और 1999 के चुनाव में उसे शिवसेना के हाथों से शिकस्त खानी पड़ी थी। वर्तमान में निर्दलीय उम्मीदवार विनोद अग्रवाल इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार से जा रही स्कूल बस ने छात्र को मारी टक्कर

### बागडे परिवार पर गिरा दु:ख का पहाड़

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** शहर मे एक दुखत घटना ने सनसनी मचा दी है। तकिया वार्ड से भोजापुर जाने वाले मार्ग पर मंगलवार करिबन दस बजे के दरम्यान स्कूलि बच्चो को ले जाने वाले वैन क्रमांक एम एच 36 8486 ने संत शिवराम स्कूल के 3 री कक्षा मे पढ़ने वाले छात्र आदित्य बागडे को जोरदार टक्कर मारी उससे उसे गंभीर चोटे आई, जिसके बाद उपचार के दौरान उस मासूम बच्चे की द मौत हो गई.

बताया जा रहा था कि स्कूलि वैन तेज रफ्तार से चल रही थी जिसने छात्र को जोरदार टक्कर मारी. इसकी जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता हाजी उबेद पटेल को मिली,जिसके बाद उन्होने घटनास्थल पर पहुंच कर परीजनों को दिलासा दिया और



मृतक के परिवार को शासन की और से पचास लाख का मुहावजा मिले ऐसा कहा. और भंडारा मे अवैध तरीके से चल रही स्कूल कि गाडियों पर कारवाई की मांग की. इस घटना की जानकारी पुलिस विभाग को मिली जिसके बाद पोलीस ने घटनास्थल पर पहुंचकर रॉयल पब्लिक स्कूल के बच्चो को ले जा रही वैन और ड्रायव्हर को हिरासत मे लिया साथ ही इस हाथ मे जान गवाने वाले आदित्य बागडे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा इस घटना से भंडारा जिले मे चल रही अवैध स्कुली गाडीओ पर नागरिकोने रोश जताया और संबंधित विभाग के अधिकरिओ पर कारवाई कि मांग की।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 125 प्रकरणों का निपटारा

### 23,39,601 रुपये जुमार्ने की राशि वसूली

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**साकोली :** दाखल पूर्व और लंबित मामलों का त्वरित निपटारा करने तथा लंबित मामलों को समोपचार द्वारा हल करने के उद्देश्य से शनिवार 28 सितंबर को साकोली स्थित दिवाणी न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन कर 125 प्रकरणों का निपटारा हुआ. जिसमें कुल 23 लाख 39 हजार 601 रुपये जुमार्ने की राशि वसूली की गई है.

दिवाणी न्यायालय साकोली के प्रमुख न्यायाधीश वी.एम. गायकवाड के मार्गदर्शन में इस लोक अदालत का आयोजन किया गया. सह दिवाणी न्यायाधीश तथा पैनल प्रमुख



एस. आर. जैन और अधिवक्ता साकोली के सदस्य पी.एल. बघेले ने इन प्रकरणों का निपटारा किया.

इस अवसर पर सहायक पुलिस निरीक्षक वानखेडे भी उपस्थित थे. न्यायालयीन प्रकरणों में कुल 237 में से 82 प्रकरणों का लोक अदालत में निपटारा किया गया. जिसमें 15 लाख 62 हजार 231 रुपये और लंबित प्रकरणों में 1493 में से 43 प्रकरणों का निपटारा किया गया और 7 लाख 77 हजार 370 रुपये जुमार्ने की राशि वसूली की गई है. इस राष्ट्रीय ष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन में सहायक अधीक्षक आर.पी. राऊत, वरिष्ठ लिपिक एन.पी. साकोरे, लघुलेखक धकाते, कनिष्ठ लिपिक तहसील विधि सेवा समिति आर.एम. नेवारे, एस.सी. गमे, हुंदरी, शहारे, सूर्यवंशी, पी. के. निपाने एवं बेलीफ भुरे, लंजे, गायधने, मेश्राम, विधि स्वयंसेवक एल.ए. मल्लानी, बी.एस. वासनिक, वकील संघ और पुलिस कर्मचारियों ने सहयोग किया.

# टीवी शुरू करते ही लगा बिजली का झटका

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**अड्याल :** माता-पिता खेत में काम करने के लिए जाने पर घर में मौजूद 10 वर्षीय बच्चे की टीवी शुरू करते समय करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में उसका छोटा भाई बाल- बाल बचा है। यह घटना रविवार, 29 सितंबर को सुबह 8 बजे के दौरान अड्याल के मंडई पेठ में घटी। मृतक का नाम सानिध्य विलास मेघराज (10) होकर वह जिला परिषद उत्तर बुनियादी शाला में कक्षा चौथी का छात्र था।

जानकारी के अनुसार सानिध्य के माता-पिता सुबह ही घर के काम निपटाकर



खेत में गए थे। रविवार को स्कूल में छुट्टी होने से सानिध्य और उसका भाई सोहम दोनों घर पर थे और बाहर आंगन में खेल रहे थे। इस बीच सानिध्य घर के अंदर आया। थोड़ी देर बाद सोहम ने घर के अंदर आकर देखने पर सानिध्य नीचे जमीन पर पड़ा था। सानिध्य के पास जाते ही सोहम को भी करंट का हलका झटका लगा।

तभी सोहम ने पड़ोसियों को घटना की जानकारी दी। पड़ोसियों ने तत्काल बच्चों के पिता से फोन पर संपर्क करके बुलाया। लेकिन इस घटना में सानिध्य की मौके पर ही मृत्यु होने की पुष्टि होते ही परिसर में शोक की लहर फैली है। घटना की जानकारी मिलते ही शाला के मुख्याध्यापक एवं शिक्षकों ने घटनास्थल पर भेंट दी। इस मामले में अड्याल पुलिस थाने में मामला दर्ज किया है।

# किट वितरण के दौरान 6 महिलाएं घायल

### वायरल हो रही खबर है गलत : श्रमिक विभाग की जानकारी

### लाठी चार्ज की खबरे असत्य : अप्पर पुलिस अधीक्षक की जानकारी

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** श्रमिक विभाग द्वारा सुरक्षा किट वितरण के दौरान मजदूरों की भगदड़ में करीब 6 महिलाओं के घायल होने की खबर है. जिन्हें भंडारा जिला सहमान्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जिले में मोहाड़ी और भंडारा तहसील में श्रमिक विभाग द्वारा पजियनकृत निर्माण मजदूरों को सुरक्षा किट का वितरण किया जा रहा है.

शहर के राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर अग्रसेन भवन में महिला मजदूरों को सुरक्षा किट वितरण के दौरान सोमवार की सैकड़ों महिलाएं एकत्रित हुई थी. जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया था और कई महिलाएं घायल हो गई. शहर में आग्रसेन भवन, सचिन लॉन बेला, मां भवानी लॉन स्टेशन रोड में ठेकेदार द्वारा यह किट वितरित की जा रही है वहीं मोहाड़ी के परमात्मा एक सभागृह में किट वितरण किया जा रहा है,



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ईश्वर कातकड़े ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि पेटी वितरण के लिए महिलाओं ने रात 2 बजे से ही आग्रेसन भवन में जमा होना शुरू कर दिया था. जब सुबह पेटी का वितरण शुरू हुआ, तो महिलाओं ने अचानक धक्का मुक्की करते हुए आगे बढ़ने की कोशिश की, जिससे भगदड़ मच गई. हालांकि, कातखेडे ने यह स्पष्ट किया कि इस दौरान पुलिस की ओर से लाठीचार्ज की खबरें असत्य हैं. मौके पर एक ही पुलिस कर्मी उपस्थित होने से भीड़ को दराने के लिए लाठी हवा में लहराई जरूर गई है लेकिन लाठी से बलप्रयोग नहीं किया गया.

# राज्यपाल ने जिले के विकास से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा

**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने अपने भंडारा जिले के दौरे के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, लोक प्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर जिले के विकास से जुड़े मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की. इस दौरान उन्होंने उद्योग, संस्कृति, पर्यटन, और जिले की प्रमुख उत्पादन प्रक्रियाओं के बारे में भी जानकारी ली. विश्रामगृह में आयोजित बैठक में भंडारा जिले के विकास, सामाजिक और आर्थिक स्थितियों पर चर्चा हुई.

बैठक में भंडारा के जिलाधिकारी डॉ. इसंजय कोलते बारा जल के विभिन्न योजनाओं और विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की. राज्यपाल को जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक स्थिति के साथ ही उद्योग और विकास योजना से अवगत कराया गया.

राज्यपाल से चर्चा में उठे प्रमुख मुद्दे बैठक में



विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों ने जिले में चल रही और भविष्य में आवश्यक विकास योजनाओं पर अपने विचार रखे. इस दौरान राज्यपाल के समक्ष जो प्रमुख मुद्दे रखे उनमें राष्ट्रीय राजमार्ग और शहरी यातायात सुधार और सार्वजनिक परिवहन के विकास पर जोर गोसेखुर्द परियोजना प्रभावितों का पुनर्वास, बाढ़ और नाग नदी से होने वाले प्रदूषण की समस्या को भी प्रमुखता से उठाया गया. साथ ही मेडिकल कॉलेज की स्थापना और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार, शैक्षणिक संस्थानों की समस्याओं और अवैध रेत खनन पर चर्चा की गई. इसके अलावा उद्योग और पर्यटन का विकास की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया. वैनगंगा नदी के प्रदूषण के अलावा लाख व सिंघाड़े जैसी स्थानीय उपज के विकास पर भी विचार-विमर्श हुआ.

### टसर सिल्क से महिला सशक्तिकरण पर जोर६६

राज्यपाल ने टसर सिल्क और अन्य रेशमी उत्पादों की उत्पादन प्रक्रिया का विशेष रूप से जिक्र किया और महिला बचत समूहों द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतोष व्यक्त किया. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात' कार्यक्रम में महिला बचत समूहों की सराहनीय कार्यों का जिक्र करते हुए उनकी सराहना की. राज्यपाल ने महिला बचत समूहों की चलाई जा रही योजनाओं की सफलता पर संतोष व्यक्त किया और उनके और विकास की संभावनाओं पर ध्यान देने का आश्वासन दिया

# रेत का अवैध परिवहन करते ट्रैक्टर जब्त



**आवाज भंडारा / प्रतिनिधी**

**भंडारा :** करचखेडा फाटा परिसर में अवैध रेत परिवहन कर रहा ट्रैक्टर पुलिस ने पकड़ा। यह कार्रवाई 29 सितंबर को दोपहर 2.30 बजे की गई। जिसमें पुलिस ने आरोपी चालक समेत मालिक पर मामला दर्ज कर 5 लाख 6 हजार का माल जब्त किया है।

भंडारा तहसील के मांडवी निवासी आरोपी लेखराज प्रकाश बाभरे (21) अपने मालिक खमारी निवासी आरोपी गजानन हिरामन ठवरे (30) के कहने पर ट्रैक्टर क्रमांक एमएच 36 एजी 6487 में अवैध तरीके से रेत भरकर ले जा रहा था। स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने गश्त के दौरान भिलेवाडा फाटा करचखेडा परिसर में रेत का परिवहन कर रहा ट्रैक्टर पकड़ा। जिसमें एक ब्रास रेत भरी थी। पुलिस ने 5 लाख का ट्रैक्टर समेत 6 हजार की एक ब्रास रेत ऐसा कुल 5 लाख 6 हजार का माल आरोपियों के पास से जब्त किया।

# तुमसर नप की सीओ के खिलाफ कार्रवाई करें

## राष्ट्रवादी कांग्रेस ने एसडीपीओ को ज्ञापन सौंपकर की मांग : मामला ऑडियो क्लिप वायरल करने का

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

तुमसर : विधायक राजू कारेमोरे ने तुमसर नगर रिषद के मुख्याधिकारी से फोन पर बर्चा की थी, लेकिन इस चर्चा को ख्याधिकारी ने सोशल मीडिया पर बयरल किया तथा विरोधकों को पकी ऑडियो क्लिप दी।

ही नहीं इस बारे में विधायक जू कारेमोरे से किसी भी तरह की मंजूरी नहीं लेते हुए चर्चा की कार्डिंग वायरल करने के मामले में ख्याधिकारी के खिलाफ शिस्तभंग करने की कार्रवाई करके सेवा से बर्लबित करने की मांग करते हुए मसर राष्ट्रवादी कांग्रेस (अजित ट) द्वारा उपविभागीय अधिकारी वर्शन निकालजे को सोमवार, 30 नतंबर को ज्ञापन सौंपा गया। इस ग्मले में उचित कार्रवाई न करने पर त्र आंदोलन करने की चेतावनी ग्पन के माध्यम से दी गई है। सौंपे ए ज्ञापन में बताया है कि, शनिवार, 8 सितंबर को राज्य के उपमुख्यमंत्री नजित पवार की उपस्थिति में तुमसर गर परिषद के नेहरू मैदान पर 'जनसंवाद' यात्रा एवं लाडली बहन से चर्चा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।



इस मैदान पर सभी सुविधाओं के संदर्भ जायजा लेने और योग्य नियोजन करने की पूरी जिम्मेदारी मुख्याधिकारी करिश्मा वैद्य की थी।

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित गुट) के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि, मुख्याधिकारी वैद्य ने कार्यक्रम के पूर्व प्रत्यक्ष स्थल का जायजा नहीं लिया। इस विषय में फोन पर विधायक राजू कारेमोरे ने मुख्याधिकारी से संपर्क किया। नियोजन के संदर्भ पूछताछ करने पर मुख्याधिकारी वैद्य ने टालमटोल के जवाब दिए और क्या विषय है यार, ऐसा कहकर फोन काट दिया। इसके अलावा विधायक की मंजूरी नहीं लेते हुए ऑडियो क्लिप को सोशल मीडिया पर वायरल किया। साथ ही विरोधी पक्ष के लोगों को इसकी क्लिप दी। इस क्लिप को वायरल करके राजनीतिक माहौल गमाने वाले मुख्याधिकारी करिश्मा वैद्य के खिलाफ शिस्तभंग कार्रवाई कर सेवा से निलंबित करने की मांग की गई। इस ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री एवं प्रधान सचिव नगर विकास मंत्रालय के पास भेजी गई है।

इस समय शिष्टमंडल में राष्ट्रवादी कांग्रेस के शहर अध्यक्ष योगेश सिंगनजुडे, अल्पसंख्यक सेल के शहर अध्यक्ष यासीन छवारे, प्रदीप भरनेकर, सुमित मलेवार, सागर गभने, जाकिर तुरक, गुलराजमल कुंदवानी, तोशल बुरडे, नानू परमार, प्रवीण भुरे, रिंकू ठाकुर, जयंत पडोले, वैभव शर्मा, पमा ठाकुर, जयश्री गभने, सरोज भुरे, मीना गाढवे, शीला कारेमोरे समेत कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# तीन कृषि पंप के साथ एक गिरफ्त में

## कारधा पुलिस की कार्रवाई

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

भंडारा : कारधा थाना क्षेत्र के खेत परिसर से कृषि पंप व सामग्री चुराने वाले एक आरोपी को पुलिस ने पकड़कर उसके पास से तीन कृषि पंप जब्त किए है। पकड़े गए आरोपी का नाम ग्राम तिड्डी निवासी ईश्वर गोपाल कोथमरो (40) है। जांच के दौरान पता चला कि उस आरोपी के खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में कई मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने पर कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक कारधा पुलिस थाने के तहत ग्राम अर्जुनी (पुरानी) निवासी महिला किसान मंगला भाऊराव गाढवे (52) के खेत से 23 सितंबर को कृषिपंप चोरी हुआ था। जिसकी शिकायत कारधा पुलिस थाने में दर्ज की थी मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी ईश्वर कोथमरो को पकड़कर उसके पास से पुलिस ने खेतों से चुराएं हुई तीन कृषि पंप जब्त किए। उक्त आरोपी के खिलाफ अलग-अलग पुलिस थाने में धारा 303 (2) के तहत मामला दर्ज किए है। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक नुरूल हसन, अपर पुलिस अधीक्षक ईश्वर कातकडे के मार्गदर्शन में कारधा पुलिस थाने के पुलिस निरीक्षक सिपाल के नेतृत्व में पुलिस हवालदार केंद्र, पुलिस नायक जाधव, पुलिस कान्स्टेबल वाघ, जगनाडे आदि ने की।

# ACB ने 2 रिश्वतखोरों को 15,000 लेते हुए पकड़ा

## की गई थी 20,000 रुपये की मांग

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

साकोली : साकोली स्थित उपाधीक्षक भूमि अभिलेख कार्यालय के दो कर्मचारी भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के जाल में फंस गये. इन कर्मचारियों को 15,000 रुपये की नकद राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया.



रिश्वत लेने वाले कर्मचारियों की पहचान मुख्यालय सहायक राहुल गुलाबराव ब्रह्मपुरीकर (43) और स्क्रूटनी क्लर्क प्रवीण फूलचंद गिरहेपुंजे (33) के रूप में की गई है. यह कार्रवाई शुक्रवार, 27 सितंबर को की गई. 65 वर्षीय शिकायतकर्ता के पास साकोली तहसील के जांभली में भूमापन नंबर 377 में 0.51 हेक्टेयर खेत है. उक्त फार्म के आवासीय प्रयोजन के लिए टीपी की जरूरत है. नतीजतन उन्होंने 29 मार्च 2023 को नगर नियोजक भंडारा को आवेदन दिया. वहां से आवेदन आगे की कार्रवाई के लिए तहसीलदार कार्यालय साकोली और उपाधीक्षक भू-अभिलेख साकोली को भेज दिया गया. इसके अनुसार परिवादी ने नक्शा गणना के लिए इसी माह 16 सितंबर को भू-अभिलेख कार्यालय में आवेदन किया. 17 सितंबर को वह कार्यालय गए और गिरहेपुंजे से नगर योजनाकार की अनुशंसित भूखंडों की संख्या के बारे में पूछा.

तब उन्होंने कहा कि शहरी नियोजन का उक्त पत्र पुराना है. नया पत्र लेकर आओ. इस दौरान उन्होंनेदोबारा गिनती करने का अनुरोध किया. प्रवीण गिरहेपुंजे और राहुल ब्रह्मपुरीकर ने आपस में चर्चा की. पुराने पत्र के हिसाब करना गिनती करने पर दोनों से 20 हजार की मांग की गई. समझौते के बाद 15 हजार रु. लेने का निर्णय लिया.

# नौकरी दिलवाने का झांसा देकर ठगे 9 लाख रूपए

## साकोली पुलिस थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

साकोली : साकोली तहसील निवासी पुलिस भर्ती की तैयारी करने वाले तीन युवकों को आर्मी एवं पुलिस में नौकरी लगाने का झांसा देकर उनसे 9 लाख रुपए ऐंठने का मामला सामने आया है। इस मामले में साकोली पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।




पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता गौरव महादेव बावनकर और लीलाधर विलास झिंगरे समेत अन्य एक छात्र ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत के मुताबिक साकोली के करंजेकर ग्राउंड पर 10 दिसंबर, 2022 से लेकर जून 2023 तक करीब छह माह के भीतर पुलिस भर्ती एवं आर्मी की तैयारी करवाने वाले आरोपी साकोली तहसील के उमरखमारी निवासी अनिल प्रभु कोहले (35), नागपुर के गिट्टीखदान काटोल रोड आजाद नगर निवासी राजेश आनंदराव लवंगे (44) दोनों ने गौरव बावनकर और लीलाधर झिंगरे समेत अन्य एक छात्र को नौकरी लगाने का झांसा दिया था।

एएमसी आर्मी सेंटर लखनऊ में आर्मी के पेपर एवं मेडिकल लेकर एएमसी आर्मी सेंटर लखनऊ के आरोपी कुणाल सिंह (35) के माध्यम से कुल 9 लाख रुपए की रकम फोन पे तथा नकद व बैंक अकाउंट के माध्यम से ऐंठ ली।

शिकायतकर्ताओं को खुद के साथ धोखाधड़ी होने का संदेह होने पर उन्होंने साकोली पुलिस थाने में शिकायत दर्ज की। दर्ज शिकायत पर साकोली पुलिस ने उक्त तीन आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 468, 471, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है। आगे की जांच पुलिस उपनिरीक्षक रामचंद्र चापले कर रहे हैं।

# काली-पीली टैक्सी चालक अब संकट में

## ST बसों में महिलाओं को हाफ टिकट की मिली सुविधा

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

साकोली : रापनि की बस में महिलाओं को 50 फीसदी सहूलियत मिल रही है. बसों में महिला यात्रियों से आधी टिकट ली जा रही है. महिलाएं रापनि की बसों में ही सर्वाधिक सफर कर रही है जिसका विपरीत परिणाम काली-पीली वाहन चालकों पर हो रहा है. वहीं इन वाहनधारकों को वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है. साकोली तहसील में प्रतिदिन अनेक काली-पीली वाहन यात्रियों को विभिन्न मार्गों पर ले जाते हैं.



राज्य परिवहन निगम की बसों का शेड्यूल सही नहीं होने से काली-पीली वाहन चालकों को इसका फायदा मिल रहा था. जिससे सभी रूटों पर क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाया जा रहा था. अवैध परिवहन के प्रति पुलिस व उपक्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के सतर्क न रहने के कारण पिछले कई वर्षों से यात्रियों को संकट का सामना करना पड़ रहा था.

लेकिन अब बसों में महिलाओं को सहूलियत मिली है. जिससे काली-पीली वाहनों पर काफी कम महिलाएं सवार होते नजर आ रही है. कोई भी अब काली पीली में सफर करना पसंद नहीं कर रही है.

**बैंकों का कर्ज चुकाने का संकट**

तहसील में बड़े उद्योग नहीं होने के कारण बेरोजगारों ने काली-पीली को अपने परिवहन का साधन बना लिया था. बैंक से लाखों रुपये का ऋण लेकर वाहन खरीदे यात्री परिवहन से होने वाली आय से बैंक ऋण की किस्तें रख-रखाव, मरम्मत, डीजल खर्च किया जा रहा था. लेकिन अभी बेरोजगारी का संकट खड़ा कर दिया है. कई लोगों ने तो अपनी गाड़ियां तक बेच दी हैं. कई गाड़ियों को खरीदने के लिए ग्राहक नहीं मिल रहे हैं. राज्य सरकार द्वारा महिलाओं को दी जाने वाली रियायत से अब महिलाओं के साथ पूरे परिवार का सफर राज्य परिवहन निगम की बस से शुरू हो गया है.

# भंडारा के टसर सिल्क पर प्रधानमंत्री ने कहा, 'माय प्रोडक्ट, माय प्राइड'

## 'मन की बात' में मोदी बोले, डिजाइन, रंग और मजबूती के लिए टसर प्रख्यात

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

भंडारा : देश के साथ ही विदेश में भी प्रख्यात भंडारा जिले के टसर सिल्क हैंडलूम परंपरा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सराहना की। उन्होंने 'मन की बात' कार्यक्रम में रविवार, 29 सितंबर को इसका उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कारागीर एवं इस परंपरा का सम्मान किया है।

यह भंडारा जिले के लिए अभिमान की बात है। जिले में मोहाडी, तुमसर तहसील के कुछ क्षेत्र में टसर सिल्क कपड़े से विविध परिधान बनाए जाते हैं। इस कपड़े की विदेश में भी मांग है। समय के अनुसार रंग और अन्य बातों में बदलाव होते हुए भी रेशम का महत्व अब भी कायम है। वर्तमान में भी संबंधित कारागीर हाथ से कपड़े बुनकर परंपरा को चला रहे हैं।

रविवार 29 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में जिले के इस कपड़ा बनानेवाली पारंपरिक कला का उल्लेख किया। मोदी ने कहा कि डिजाइन, रंग और मजबूती के लिए टसर प्रख्यात है। मोदी ने टसर सिल्क की सराहना की।

वर्तमान में 50 से अधिक स्वयंसहायता बचत समूह इस परंपरा के संरक्षण का काम कर रहे हैं। महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण होने का उल्लेख प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करते हुए 'माय प्रोडक्ट, माय प्राइड' प्रतिक्रिया दी।

# बंद मकान से सामग्री की चोरी

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

भंडारा : गांव से बाहर जाने का मौका पाकर अज्ञात चोरों ने बंद घर से नौ हजार रुपये की उपयोगी सामग्री चोरी की. यह घटना रविवार 29 सितंबर को सुबह पालोरा में सामने आयी.

फियादी भीमराव मंगरू डोंगरे (75) पारिवारिक समारोह के लिए वरठी गए थे. इसी मौके का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने घर से गेहूं, चावल, गैस सिलेंडर, टेबल फैन समेत कुल 9 हजार रुपये की चोरी कर ले गए.

करडी पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है.

# आदिवासियों का जन आक्रोश मार्च प्रभावी सरकार के फैसले का विरोध, नागरिक उतरे सड़क पर

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी

भंडारा : धनगर समुदाय को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने के राज्य सरकार के उठाए जा रहे संभावित कदम के खिलाफ आवाज उठाने के लिए आदिवासी संगठनों की ओर से सोमवार, 30 सितंबर को एक जनाक्रोश मार्च का आयोजन भंडारा शहर में किया गया. इस मार्च में भाग लेने के लिए जिले के ग्रामीण और सुदूर इलाकों से आदिवासी पुरुष और महिलाएं बड़ी संख्या में शहर में आए और इस मार्च में शामिल हुए. पीले परिधानों और झंडों व अत्यधिक जोश के साथ विविध नारे लगाने और मार्च से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया.



यह मार्च रानी दुर्गावती चौक से शुरू हुआ. विविध मार्ग से भ्रमण करते हुए मार्च त्रिमूर्ति चौक पहुंचने के बाद एक सभा में तब्दील हो गया. इस अवसर पर आदिवासी समुदाय के प्रमुख नेताओं ने समुदाय को संबोधित किया. धनगर और धनगड एक ही हैं और इन्हें आदिवासी आरक्षण देने की दिशा में सरकार आगे बढ़ चुकी है. राज्य सरकार ने अपने निहित राजनीतिक स्वार्थ के लिए महाराष्ट्र में धनाढ्य गैर आदिवासी धनगर जाति को

वास्तविक आदिवासियों की सूची में शामिल कर आदिवासियों की रियायतें देने की प्रारंभिक तैयारी कर ली है. मार्च के दौरान चेतावनी दी गई है कि आदिवासी समाज कभी भी इस अन्याय और अत्याचार को बर्दाश्त नहीं करेगा. इस चेतावनी के बाद भी अगर अन्याय होता है तो सरकार को इसका परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा. इसके बाद प्रतिनिधिमंडल की ओर से अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया.

# तुमसर - भंडारा मार्ग गड्ढों से पटा, जिनमें भरा पानी

आवाज भंडारा / प्रतिनिधी



तुमसर : नवरात्रि उत्सव के लिए केवल दो दिन बचे हैं। ऐसे में तुमसर शहर के मार्ग पर पूरी तरह से बदहाली छाई हुई है। किंतु लोकनिर्माण विभाग की ओर से अनदेखी की जा रही है।

तुमसर- मोहाडी विधानसभा चुनावी क्षेत्र में विधायक के जनसंपर्क कार्यालय के सामने बड़े पैमाने पर गड्ढे हैं। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ी है। तुमसर शहर में प्रवेश करते समय कृषि उपज मंडी के सामने, पुराना बस स्टैंड परिसर में गड्ढे ही गड्ढे हैं। नेहरू, बावनकर, सराफा लाइन के सामने का रास्ता भी बदहाल है। जैन मंदिर चौक परिसर से लेकर तुमसर-सिहोरा-बपेरा मार्ग की भी वही स्थिति है। भंडारा-तुमसर मार्ग से अनेक अधिकारी एवं सरकारी कर्मचारी प्रतिदिन आना जाना करते हैं। छात्रों की भी भीड़ लगी रहती है। दुरावस्था होते हुए भी लोकनिर्माण विभाग इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा। उपमुख्यमंत्री अजित पवार शनिवार को तुमसर आ रहे हैं। अब तो प्रशासन दिखावे के लिए ही सही काम करें। ऐसी चर्चाएं नागरिकों द्वारा की जा रही हैं।

साप्ताहिक आवाज भंडारा हे वृत्तपत्र मालक, प्रकाशक, संपादक शमशेर वाहब खान यांनी राकेश प्रिंटिंग प्रेस राजिव गांधी चौक, साई मंदिरसमोर तकीया वार्ड, भंडारा येथे छापून साप्ताहिक आवाज भंडारा कार्यालय, तकीया दर्गाह जवळ, तकीया वार्ड भंडारा येथे प्रकाशित केले. मुख्य संपादक -शमशेर खान मोबाईल नंबर - ७९७२७९५६५५ ईमेल-awazbhandara@gmail.com Owner,Publisher, ShamsherWahab Khan on behalf Of Weekly Awaz Bhandara Printed at Rakesh Printing Press, Rajiv Gandhi Chowk(TakiyaWard) Opp.sai mandir Bhandara-441904 and Published at takiya Dargah near Old Majjid, Takiya ward Bhandara 441904 Editor-Shamsher Khan Mo.7972795655
Email- awazbhandara@gmail.com प्रकाशित समाचारों से संबंधित कोई भी वाद भंडारा न्यायालय अंतर्गत निपटारा किया जाएगा !